भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्‌य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्‌य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 526

20 जुलाई, 2022 के लिए प्रश्न

कर्नाटक में रागी की खरीद

526. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्‌य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि कर्नाटक में रागी के किसान क्रय नीति से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और किसान अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर बेच रहे हैं, क्योंकि सरकार खरीद और इसकी सीमा में विलंब कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार ने राज्य सरकारों को केवल 2.1 लाख टन की खरीद करने का निर्देश दिया है और इसमें प्रत्येक किसान से केवल 20 क्विंटल की अधिकतम खरीद शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य में पीडीएस के अंतर्गत रागी उत्पादन, खरीद और वितरण की मात्रा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्‌य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) और (ख): खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के दौरान कर्नाटक राज्य सरकार से 2.10 लाख टन और 3.14 लाख टन रागी के लिए दो अलग-अलग खरीद योजनाएं प्राप्त हुई हैं। इन योजनाओं के लिए खरीद, आवंटन, वितरण और निपटान के दिशा-निर्देशों के अधीन भारत सरकार द्‌वारा तीव्रता से दिनांक 07.12.2021 को अनुमति प्रदान की गई है।

अत: कर्नाटक राज्य सरकार को खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कुल 5.24 लाख टन रागी की मात्रा की खरीद करने के लिए अनुमति प्रदान की गई है। जहां तक किसानों से 20 क्विंटल खरीद का संबंध है, भारत सरकार ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य सरकार में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन रागी के उत्पादन, खरीद और वितरण के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 20 जुलाई, 2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 526 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध

विगत 5 वर्षों के दौरान कर्नाटक की राज्य सरकार में रागी के सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत उत्पादन, खरीद और वितरण का ब्योरा

वर्ष	रागी का उत्पादन (लाख टन में)	रागी की खरीद (लाख टन में)	रागी का वितरण (लाख टन में)
2017-18	12.8603	0	0
2018-19	06.7752	0.94390008	0.94233428
2019-20	11.6406	1.93243068	1.93243068
2020-21	13.6983	4.75315297	4.75238194
2021-22	10.7936	4.04783700	2.73945449*

*वितरण का कार्य जारी है।

******